हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 30 अक्टूबर 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

4 खेतों में भरा वर्षा का पानी, दो दिनों से हो रही रूक-रूककर बारिश



SWAMI VIVEKANAND UNIVERSITY
SIRONJA, SAGAR - (M.P.)
EDUCATION
D.Ed. B.Ed. B.Ed. (Part Time 3 Yrs)
B.Ed + M.Ed (Integ. 3 Yrs)
B.A + B.Ed (Integ. 4 Yrs)
B.P.Ed., M.P.Ed., M.Ed
CAMPUS : N.H.26, NARSINGPUR ROAD, SIRONJA, SAGAR (M.P.)
सिटी ऑफिस - द्वितीय तल, निगम टॉवर सिसोदिया कॉलोनी, एक्सवेंज रोड, गुना (म.प्र.)
8839281593, 9111656144

आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

# अलकनंदा टॉकीज में तत्कालीन कलेक्टर छतवाल ने की थी तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

सरगुजा राजपरिवार के स्वामित्व वाले अलकनंदा टॉकीज का लाइसेंस निरस्त करने के 33 साल पुराने मामले में अदालत ने तत्कालीन कलेक्टर टीएस छतवाल को दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई का दोषी माना है। कोर्ट ने उन्हें ब्याज सहित 34 हजार 795 रुपए राजपरिवार को क्षतिपूर्ति राशि के रूप में अदा करने का आदेश दिया। यह बहुचर्चित मामला वर्ष 1992 का है। 2 मार्च को सरगुजा राजपरिवार के अरुणेश्वर शरण सिंहदेव के स्वामित्व वाले अलकनंदा टॉकीज को नियमानुसार सिनेमा संचालन का लाइसेंस जारी किया गया था।

- 33 साल बाद न्यायालय ने माना दोषी, 34 हजार 795 रुपए क्षतिपूर्ति राशि देने का आदेश

टॉकीज का संचालन उनके बड़े भाई पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव कर रहे थे। उसी दौरान वाड्रफनगर के बिजाकुरा गांव में रिबई पंडो और उसके परिवार के दो अन्य बच्चों की भूख से मौत की घटना ने पूरे देश में हलचल मचा दी थी। इस मुद्दे को मध्यप्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री और सरगुजा की वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव ने जोरदार ढंग से उठाया था। उन्होंने तत्कालीन कलेक्टर के निलंबन की मांग की थी। यह मामला इतना तूल पकड़ा कि



तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव को स्वयं वाड्रफनगर आकर स्थिति का जायजा लेना पड़ा। राजनीतिक माहौल में बढ़ते तनाव के बीच 19 अप्रैल 1992 को तत्कालीन कलेक्टर टीएस छतवाल ने अलकनंदा टॉकीज का लाइसेंस निरस्त करने के लिए नोटिस जारी किया। नोटिस का जवाब देने की अंतिम तिथि 23 अप्रैल थी, लेकिन 24 अप्रैल को जबलपुर हाईकोर्ट ने सिंहदेव परिवार के पक्ष में स्थगन आदेश जारी कर दिया। सिंहदेव के अधिवक्ता ने उसी दिन शपथपत्र सहित यह आदेश कलेक्टर को देने की कोशिश की परंतु कलेक्टर ने मिलने से इंकार कर 24 अप्रैल की दोपहर अलकनंदा टॉकीज का लाइसेंस निरस्त कर टॉकीज का संचालन रोक दिया। इस कार्रवाई के चलते 24 और 25 अप्रैल के चार शो नहीं चल सके। सिंहदेव ने आठ हजार रुपए की क्षति की जानकारी देते हुए क्षतिपूर्ति की मांग की। अदालत में आबकारी आयुक्त ने बताया कि उनके कार्यालय में अलकनंदा टॉकीज के लाइसेंस निरस्तीकरण से संबंधित कोई फाइल उपलब्ध नहीं है। उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में तत्कालीन कलेक्टर टीएस छतवाल को दोषी पाते हुए ब्याज सहित 34,795 रुपये की क्षतिपूर्ति राशि राजपरिवार को देने का आदेश दिया है। यह राशि न्यायालय में जमा करा दी गई है। तीन दशक बाद आये इस फैसले से साफ हो गया कि अलकनंदा टॉकीज पर कार्यवाही राजनीतिक प्रतिशोध के चलते की गई थी। पूर्व मंत्री श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव ने रिबई पंडो और बेटों की भूख से मौत का मामला मजबूती के साथ उठाया था जो राष्ट्रीय मीडिया की सुर्खियां बना, यह बात मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा की सरकार को नागवार गुजरी। सत्ता के इशारे पर उक्त कार्यवाही को अंजाम दिया गया।

### न्याय की जीत

राजपरिवार के मुखिया एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के लिए यह फैसला राजनीतिक और व्यक्तिगत दोनों स्तरों पर बड़ी जीत के रूप में देखा जा रहा है। सिंहदेव के अधिवक्ता संतोष सिंह ने इसे न्याय की जीत बताया। उन्होंने कहा कि सरगुजा पैलेस हमेशा कानून का सम्मान करता आया है। राजनीति सक्रियता चलते उन पर कई तरह के आरोप लगे सभी में वे कानूनी प्रकियाओं का पालन करते हुए बेदाग साबित हुए।

## खबर संक्षेप

### डीएस उइके की जगह रामसिंह ठाकुर होंगे नए एसडीएम

**सीतापुर।** एक महीने पहले एसडीएम बनकर आए डीएस उइके का तबादला कर दिया गया है। अब उनकी जगह रामसिंह ठाकुर को एसडीएम बनाकर भेजा गया है। एसडीएम के रूप में भेजे गए रामसिंह ठाकुर ने कार्यालय आकर अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोगों को शासन की नीतियों का लाभ मिले मेरी यही प्राथमिकता रहेगी। इसके अलावा लंबित मामलों का जल्द निराकरण करते हुए आम जनता को राहत देने का काम करेंगे। कार्यालय के पहले दिन उन्होंने सभी कर्मचारियों से मुलाकात की और काम मे कसावट लाने के निर्देश दिए।

### राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम का शुभारंभ

**बलरामपुर।** राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम का जिला पंचायत उपाध्यक्ष धीरज सिंहदेव एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप सोनी ने सीएमएचओ कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करते हुए दल को रवाना किया गया। सीएमएचओ डॉ. बसंत सिंह ने बताया कि कार्यक्रम अंतर्गत दल सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र में 50 वर्ष या उससे अधिक उम्र के दृष्टिहीन (तीन मीटर से कम दूरी तक देखने) वाले व्यक्तियों का नेत्र जांच किया जाएगा यह कार्यक्रम 29 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक जिले के नेत्र सहायक अधिकारी द्वारा जांच व उपचार कर जिला अस्पताल बलरामपुर व आवश्यकतानुसार उच्च चिकित्सा केन्द्रों में भेजा जाएगा जहां विशेषज्ञों द्वारा मोतियाबिंद ऑपरेशन व उपचार किया जाएगा। इस दौरान नोडल अधिकारी डॉ. विवेक सिंह, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रुद्रमणि खेस, कार्यक्रम प्रबंधक नेत्र प्रकाश सोर, सहायक नोडल अधिकारी मनोज कुमार उपाध्याय, दुर्गेश त्रिपाठी व अन्य नेत्र चिकित्सा अधिकारी दल व अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### बाजार डांड़ से चोरों ने पार किया बाइक

**अम्बिकापुर।** ग्राम बेलखरिखा स्थित बाजार डांड़ में आर्केस्ट्रा कार्यक्रम देखने गए युवक की बाइक को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम केवरी निवासी देवप्रसाद आ. दिलीप सिंह (30 वर्ष) 26 अक्टूबर की रात लगभग 10 बजे बाइक क्रमांक सीजी 15 ईबी 6720 से ग्राम बेलखरिखा बाजारडांड़ में आयोजित आर्केस्ट्रा कार्यक्रम देखने पत्नी संतोषी सिंह एवं भतीजा संदीप सिंह के साथ गया था। युवक बाइक को बाजार डांड़ में खड़ा कर कार्यक्रम देखने चला गया। लगभग एक घंटे बाद घर जाने के लिए बाइक लेने गया तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दरिमा थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### बाबा कार्तिक उरांव की जन्म जयंती पर कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# जनजाति समाज के विकास के लिए बाबा कार्तिक ने किया जीवन न्यौछावर : सीएम



चौक का भूमिपूजन करते मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व रामविचार नेताम।



कार्यक्रम को संबोधित करते श्री साय।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव जनजातीय समाज के गौरव है। उन्होंने विदेशों में रहकर साईंस और इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर समाज का मान बढ़ाया। विदेशों में रहकर उच्च शिक्षा हासिल करने के बाद भी उन्होंने अपने धर्म, संस्कृति, सभ्यता को नहीं छोड़ा। पुरखों ने उन्हें जो संस्कृति, सभ्यता और धर्म बताया उसी मार्ग पर चलते हुए इतनी बड़ी शिक्षा हासिल की। वे बोलते थे जितना ज्यादा पढ़ाई करेंगे उतना ही समाज को गढ़ेंगे।

**खास बात**
- प्रतिमा स्थापना हेतु किया भूमि पूजन

सीएम श्री साय बुधवार को जनजातीय समाज के लोगो को संबोधित कर रहे थे। सरगुजा पहुंचे सीएम श्री साय ने ननि प्रशासनिक भवन परिसर में बाबा कार्तिक उरांव चौक की स्थापना हेतु निर्माण कार्य के लिए विधि विधान से पूजा अर्चना उपरान्त भूमिपूजन किया। सीएम ने मंच से इस कार्यक्रम के लिए महापौर श्रीमती मंजूषा भगत का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सौभाग्य का विषय है कि मां महामाया की भूमि पर जनजातीय समाज के गौरव बाबा कार्तिक उरांव की जयंती के अवसर पर इस चौक पर उनकी मूर्ति की स्थापना हेतु भूमिपूजन किया गया। बाबा कार्तिक उरांव साइंस और इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद बड़ी नौकरी कर सकते थे लेकिन उन्होंने जनजाति समाज के विकास के लिए अपना जीवन न्यौछावर किया और सांसद के रूप में सेवा दी। वे आजीवन मतान्तरण का विरोध करते रहे लेकिन आज समाज में मतान्तरण हो रहा है जो चिंता का विषय है। भगवान बिरसा मुंडा और बाबा कार्तिक उरांव ने धर्म, संस्कृति और सभ्यता को मजबूत करने की जो सीख दी है उस पर चलते हुए मतान्तरण को रोका है।

सीएम श्री साय ने कहा कि जनजातीय समाज के धर्म, संस्कृति और सभ्यता की रक्षा के लिए 300 से ज्यादा सांसदों के हस्ताक्षर के साथ बाबा कार्तिक उरांव ने बिल पेश किया था लेकिन वो पास नहीं हो पाया। हम सब को उनके बताए हुए नक्शे पर चलना है और हमारे पुरखों ने जो बताया है और डॉ. बाबा कार्तिक उरांव और बिरसा मुंडा के विचारों को घर घर तक पहुंचाना है। हमने यहां प्रतिमा का शिलान्यास किया है तो इसकी सार्थकता इसी में होगी कि जनजाति समाज का व्यक्ति अपनी संस्कृति, सभ्यता को एक एक घर तक पहुंचाने का काम करेगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा, जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, बलरामपुर जिपं अध्यक्ष श्रीमती हीरामणि निकुंज, ननि सभापति हरमिन्दर सिंह टिन्नी, राष्ट्रीय संयोजक जनजातीय सुरक्षा मंच गणेश राम भगत, श्रीमती माता राम बाई, डॉ. आजाद भगत, बंशीधर उरांव, समाज प्रमुख एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि, संभागायुक्त नरेन्द्र दुग्गा, आईजी दीपक झा, कलेक्टर सहित बड़ी संख्या में समुदाय के लोग मौजूद थे।

### हम सब मिलकर करेंगे सपना पूरा : नेताम

इस दौरान कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि सरगुजा संभाग में उराव समाज की बहुलता है लेकिन हमारे समाज को एक भी ऐसा स्थान नहीं मिला था जहां बाबा कार्तिक उरांव की प्रतिमा स्थापित हो सके। हमारी सरकार बनने के बाद सीएम विष्णुदेव साय और महापौर श्रीमती मंजूषा भगत की पहल पर बाबा कार्तिक उरांव की प्रतिमा की स्थापना हो रही है। वर्षों पुराना साकार हो रहा है और इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए खुद सीएम सरगुजा पहुंचे है। समाज के लिए गौरव की बात है कि भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती को पूरे देश में गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लेकर पीएम मोदी ने आदिवासी समाज के मांन सम्मान व स्वाभिमान को बढ़ाने का काम किया है। कार्तिक बाबा ने समाज के उत्थान, जागरूक करने, संस्कृति और धर्म की रक्षा हेतु संविधान में संशोधन के लिए संघर्ष कर 300 सांसदों से दस्तखत कराकर नया बिल प्रस्तुत किया था, उनकी लड़ाई अब तक जारी है।

### सरना स्थल और देवगुड़ी करें संरक्षित : सांसद

सांसद चिंतामणी महाराज ने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव ने जनता की सेवा कम काम किया। दो बार बिहार का सीएम बनने का आग्रह किया गया लेकिन उन्होंने जनसेवा को ही प्राथमिकता दी। इस दौरान सांसद ने सीएम श्री साय से मांग की है कि आदिवासी समाज पूजा स्थल सरना व देवगुड़ी में अतिक्रमण हो रहा है। छग में आदिवासी सरना स्थल, देवगुड़ी को सुरक्षित करने की पहल करें ताकि आदिवासी संस्कृति सभ्यता सुरक्षित रहे।

### सीएम ने दी सरगुजा को सौगात : मंजूषा

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक हिन्दू उराव को महापौर का टिकट दिया और चुनाव में जीत दिलाई। मुख्यमंत्री ने सरगुजा और नगर निगम अंबिकापुर के लिए हमेशा सहयोग किया। 6 माह के भीतर ही उन्होंने करोड़ो रुपए की सौगात दी और अब आदिवासी उरांव समाज को संरक्षण देने के लिए बाबा कार्तिक उरांव चौक के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे।

# चार सूत्रीय मांगों के समर्थन में समिति प्रबंधकों ने की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

अपनी चार सूत्रीय मांगों के समर्थन में सहकारी समितियों के प्रबंधक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर मंगलवार को हड़ताल पर रहे। कर्मचारियों ने अपनी मांगों का निराकरण नहीं होने पर 12 नवम्बर से अनिश्चितकालीन आंदोलन प्रारंभ करने की चेतावनी दी है।

- मांगे पूरी नहीं होने पर 12 नवम्बर से करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

समिति प्रबंधकों ने बताया कि शासन के निर्देश पर सहकारी समितियों द्वारा 17 फीसदी नमी युक्त धान की खरीदी की जाती है। समय पर धान का उठाव नहीं होने के कारण सूखत की मात्रा बढ़ जाती है जिसकी भरपाई समिति प्रबंधकों को करनी पड़ती है। सूखत की समस्या के निराकरण के लिए निर्धारित समय में धान उठाव की व्यवस्था की जाए। मार्कफेड द्वारा समिति के ऑपरेटरों की सीधी भर्ती करने ऑपरेटरों की पूर्ति आउट सोर्सिंग से करने एवं उन्हें 6 महीने का वेतन भुगतान करने का निर्णय लिया है। मार्कफेड के इस निर्णय से समितियों में कार्यरत सैकड़ों ऑपरेटर बेरोजगार हो जाएंगे। प्रबंधकों ने धान खरीदी के लिए प्रशासन द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारियों को खरीदे गए संपूर्ण धान का उठाव होने तक पूरी जिम्मेदारी सौंपने की मांग की है। प्रबंधकों ने बताया कि नोडल अधिकारी धान खरीदी करने के बाद जिम्मेदारी से मुक्त हो जाते है जबकि उठाव के बाद धान में आई कमी की भरपाई उन्हे करनी पड़ती है। कर्मचारियों ने सेवा भर्ती नियम के तहत उनकी स्थाई नियुक्ति करने की भी मांग की है।



# ग्रामीण के घर से 700 बोरी अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ वाड्रफनगर

प्रशासन की सख्ती एवं सीमावर्ती कृषि जांच चौकी द्वारा निरंतर जांच करने के बावजूद कोचिए पड़ोसी राज्यों से लगातार अवैध धान का परिवहन एवं भण्डारण कर रहे हैं। रघुनाथ नगर तहसील अंतर्गत ग्राम पंडरी में भारी मात्रा में बाहर का धान भण्डारित करने की सूचना पर प्रशासन की संयुक्त टीम ने एसडीएम के नेतृत्व में छापामार कार्रवाई कर 700 बोरी अवैध धान जब्त किया है।

- एसडीएम के नेतृत्व में हुई जब्ती की कार्रवाई

एसडीएम नीरनिधि नंदेहा ने बताया कि ग्राम पंडरी निवासी चंचलपति द्वारा अपने घर में भारी मात्रा में दूसरे राज्य का धान भंडारित करने की सूचना मिली थी। सूचना पर छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान ग्रामीण के घर में 700 बोरी अवैध धान मिला जिसे मंडी अधिनियम के तहत जब्त किया। उन्होंने बताया कि कलेक्टर राजेन्द्र कटारा द्वारा अवैध धान परिवहन एवं भण्डारण पर रोक लगाने के लिए विविध टीमों का गठन किया गया है। टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में कोचियों के विरूद्ध कार्रवाई कर रही हैं। प्रशासन की कार्रवाई आगे भी चलती रहेगी।

### 22 सितम्बर से शुरू हो चुकी हैं कक्षाएं

# मेडिकल कॉलेज में 121 सीटों पर एडमिशन, चार सीटें अब भी खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज में एडमिशन की प्रक्रिया दिन प्रतिदिन पिछड़ती जा रही है। कॉलेज में अभी भी स्टेट और सेन्ट्रल पूल कोटा में एक एक सीटों पर एडमिशन पूर्ण नहीं हो पाया है जबकि ऑल इंडिया कोटा की दो सीटो पर भी प्रवेश अब तक शेष है। एडमिशन की प्रक्रिया में हुई लेट लतीफी के कारण एमबीबीएस छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में यूजी की 125 सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। एमबीबीएस की कुल 125 सीटों में से स्टेट कोटा में 104, ऑल इंडिया कोटा में 18 और सेंट्रल पूल कोटा में 3 सीटें स्वीकृत है। स्टेट कोटा की दो चरणों की प्रक्रिया के बाद 104 में से 103 सीटों पर छात्र छात्राओं ने एडमिशन ले लिया है जबकि सेंट्रल पूल कोटा में भी नेपाल से दो छात्रों का एडमिशन हुआ है। वहीं ऑल इंडिया कोटा की बात की जाए तो कॉलेज में 18 में से 17 सीटों पर एडमिशन पूर्ण हो गए थे लेकिन बाद में दूसरे चरण तक 6 छात्र छात्राओं ने अपना कॉलेज अपग्रेड कर लिया जिसके बाद ऑल इंडिया कोटा से सिर्फ 11 छात्र छात्राएं ही शेष बचे थे। अब तीसरे चरण में एनएमसी ने फिर से 7 लोगों को सीटें अलॉट की थी लेकिन अब तक सिर्फ 5 ने ही एडमिशन लिया है। ऐसे में अभी भी ऑल इंडिया कोटा में अभी दो सीटें रिक्त बची है। सेंट्रल पूल कोटा की बात की जाए तो एक सीट के अलॉटमेंट को लेकर कोई जानकारी नहीं आ पाई है। सबसे बड़ी बात यह है कि 22 सितम्बर से कॉलेज में एमबीबीएस की कक्षाएं शुरू हो गई है लेकिन इस बार सीट अलॉटमेंट में हो रही देरी के कारण यूजी के छात्र-छात्राओं की पदाई प्रभावित हो रही है जबकि अगस्त के महीने में यूजी के छात्र छात्राओं की पहली परीक्षा भी सेमेस्टर के अनुरूप आयोजित की जाएगी।



### 9 नवम्बर से शुरू होगा पीजी में प्रवेश

मेडिकल कॉलेज में यूजी के बाद अब पीजी की कक्षाओं में प्रवेश की प्रक्रिया भी शुरू होने जा रही है। हालांकि विभिन्न कारणों से इस बार भी पीजी एडमिशन पिछड़ गया है। इस बार 9 नवम्बर से पीजी के एडमिशन शुरू होंगे और 8 दिसम्बर से मेडिकल कॉलेज में सेशन शुरू होगा। इस बार राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय ने 46 सीटों पर पीजी प्रवेश लेने का निर्णय लिया है। इसमें ऑल इंडिया कोटा की 23 और स्टेट कोटा की 23 सीटें होंगी। बड़ी बात यह है कि इस बार कॉलेज में फिर से माइक्रोबायोलॉजी और फार्मेकोलॉजी विषय को डाला गया है जबकि पूर्व में प्रोफेसर की अनुपलब्धता के कारण इन विषयों को हटा दिया गया था।

### कुत्ते ने युवती को काटा

**अम्बिकापुर।** बेटे को स्कूल से लेकर घर जा रही युवती को पालतू कुत्ता ने काट लिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने कुत्ता पालने वाले के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम खाला पखाडबरा निवासी प्रियंका अगरिया आ. रघुराम अगरिया (22 वर्ष) मंगलवार की शाम अपने लकड़ा समर्थ अगरिया को स्कूल से लेकर पैदल घर आ रही थी। जैसे ही गांव के ही जगदीश एक्का के घर के पास पहुंची तभी जगदीश का पालतू कुत्ता ने उसे काट लिया। कुत्ता को काटते देख आसपास मौजूद लोगों ने कुत्ता को भगाया। पालतू कुत्ता इससे पहले भी कई लोगों को काट जख्मी कर चुका है। कुत्ता के काटने से घायल हुई महिला ने घटना की रिपोर्ट दरिमा थाने में दर्ज कराई।

### घर व दुकान से 1 लाख का सामान पार

**अम्बिकापुर।** ब्रम्हरोड स्थित सूने मकान व दुकान में चोरों ने धावा बोलकर लगभग 1 लाख से अधिक का सामान पार कर दिया। घटना की शिकायत मकान मालिक व दुकान संचालक ने कोतवाली में की है। शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ब्रम्हरोड निवासी अश्विनी कुमार दुबे आ. रविकांत दुबे ने कोतवाली में शिकायत किया है कि ब्रम्हरोड स्थित मकान में कोई नहीं रहता और बंद रहता है। बीती रात चोरों ने घर में दाखिल होकर कमरे में रखे लगभग 50 हजार कीमत के बर्तन के अलावा 5 हजार कीमत की साड़ियां चोरी कर ले गए। वहीं घर सामने दुकान को किराए में लिए घुटरापारा निवासी मो. शईद ने भी कोतवाली पुलिस से शिकायत की है।

## खबर संक्षेप

### मैराथन का आयोजन कल

**अनूपपुर।** संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार सायबर अपराधों के प्रति सजग रहने के लिए सायबर जागरूकता कैम्पेन के अंतर्गत जिला मुख्यालय अनूपपुर में 31 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे से शासकीय तुलसी महाविद्यालय से इंदिरा तिराहा तक रन फॉर सायबर अवेयरनेस मैराथन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक अनूपपुर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। इस आयोजन में अधिक से अधिक युवाओं, खिलाड़ियों, विद्यालयों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों, एनसीसी, एनएसएस कैडेट्स, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवकों एवं नागरिकों से सहभागिता निभाने की अपील की गई है।

### विकासखंड स्तरीय अल्प विराम परिचय कार्यशाला

**अनूपपुर।** राज्य आनंद संस्थान भोपाल आनंद विभाग मध्यप्रदेश शासन एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वाधान में विकासखंड स्तरीय अल्प विराम परिचय कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत अनूपपुर (बदरा) के सभागार में किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) रामलाल रौतेल, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय, आनंदम विभाग के मास्टर ट्रेनर, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनअभियान परिषद के नगर विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों सहित मेंटर्स, प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### किसानों को नरवाई न जलाने की सलाह

**अनूपपुर।** कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों से अपील की गई है कि वे फसल कटाई के बाद खेतों में बची हुई नरवाई (फसल अवशेष) को किसी भी स्थिति में न जलाएं। नरवाई जलाने से एक ओर जहां खेतों में अग्नि दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है, वहीं इससे मिट्टी की उर्वरकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। नरवाई जलाने से निकलने वाला धुआं वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ाता है, जिससे वायु प्रदूषण होता है। मिट्टी की उर्वरा शक्ति लगभग 6 इंच की ऊपरी सतह पर ही होती है, जहां खेती के लिए उपयोगी जीवाणु पाए जाते हैं।

### ग्रामीण विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को योजनाओं के लक्ष्यों तथा कार्यों को शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सजग रहकर लोकहित में समय-सीमा में पूर्ति के निर्देश दिए हैं। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री अमर साय, सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा जिला पंचायत के योजना प्रभारी, सहायक यंत्री तथा उपयंत्री उपस्थित रहे।

## कोरिया-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में दिनभर छाए रहे बादल

# बेमौसम बारिश ने बढ़ाई किसानों की मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर/मनेन्द्रगढ़

कोरिया एवं मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के कई गांवों में हाल-ही में हुई बेमौसम भारी बारिश ने धान की फसल को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। खेतों में कटाई के बाद रखा हुआ धान बारिश के पानी में डूबने लगा है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक व मानसिक संकट झेलना पड़ रहा है।

बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया है, जिससे कटाई के लिए तैयार धान की फसल अब सड़ने लगी है। किसानों का कहना है कि उन्होंने मेहनत साल भर की, लेकिन एक-दो दिनों की बारिश ने उसे खतरे में डाल दिया है। ग्राम पंचायत चिड़ौली के किसान रामप्रसाद अहिरवार बताते है कि मेरे पास कुल 5 एकड़ जमीन थी, पूरी जमीन पर हमने इस बार धान बोई थी, लेकिन बारिश ने मेहनत पर पानी फेर दिया। वहीं कमलेश का कहना है कि मेरे पिता के नाम 2.50 एकड़ जमीन थी, धान की फसल थी। खेत में पानी भर गया और जड़ें सड़ने लगीं,



भीगी फसल।

अब अंकुरण भी आ रहा है, जिससे गुणवत्ता खराब हो गई है। इन किसानों का आम अनुभव है कि यदि बारिश जल्द बंद नहीं हुई, तो पूरी फसल बर्बाद हो सकती है। कटाई-भंडारण की तैयारी पूरी थी, लेकिन मौसम ने समय से पहले काम बिगाड़ दिया। फसल सड़ने लगेगी तो न सिर्फ किसानों की आमदनी प्रभावित होगी, बल्कि उनकी राष्टीय न्यूनतम समर्थन मूल्य-आधारित बिक्री भी बाधित हो सकती है। आजीविका पर गहरा असर पड़ने की आशंका है। कुल मिलाकर फसल कटाई के वक्त अचानक आई बारिश ने कोरिया और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के किसानों की उम्मीदों पर ब्रेक लगा दिया है। अभी भी समय है यदि सही दिशा में त्वरित कार्रवाई हुई तो बचे हुए नुकसान को कम किया जा सकता है।

### नुकसान के आंकलन की मांग

जानकार लोगों का कहना है कि स्थानीय कृषि विभाग को तुरंत स्थिति का पंचनामा करना चाहिए, ताकि नुकसान का आंकलन हो सके। प्रभावित किसानों को मुआवजे या राहत पैकेज देने की पहल करनी चाहिए। सिंचाई व निकासी व्यवस्था देखें कि खेतों में जलभराव को जल्द कैसे कम किया जाए, इस पर उपाय कार्य करना चाहिए।



कीचड़युक्त सड़क।

# अधूरा सीसी रोड बना परेशानी का सबब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरचा कॉलरी

जिला मुख्यालय को जोड़ने वाला सरडी-खरवत महुआपारा मुख्य मार्ग इन दिनों पूरी तरह जर्जर होकर ग्रामीणों की मुसीबत बन गया है। क्षेत्र के हजारों लोगों के दैनिक आवागमन का यह प्रमुख मार्ग अब गड्ढों और कीचड़ में तब्दील होकर जान जोखिम में डालने लगा है।

इसी मार्ग से ग्रामीण जिला मुख्यालय, कलेक्टर कार्यालय और अन्य शासकीय दफ्तरों तक पहुंचते हैं, परंतु रास्ते की बदहाली ने लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। कुछ महीने पहले ग्राम पंचायत खरवत महुआपारा में सीसी रोड निर्माण कार्य शुरू किया गया था। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि वर्षों से लंबित सड़क जल्द बनेगी और परेशानियां दूर होंगी, लेकिन ठेकेदार ने मात्र आधा काम कर निर्माण बंद कर दिया। आश्चर्य की बात यह है कि अधूरा काम होने के बावजूद पूरा बिल समायोजित करवा लिया गया। नतीजतन, बरसात के दौरान अधूरी सड़क दलदल में बदलकर कुछ ही दिनों में टूट-फूट गई। ग्रामीणों ने बताया कि मार्ग की हालत इतनी खराब है कि दुपहिया वाहन चलाना तो दूर, पैदल चलना भी खतरे से खाली नहीं। हल्की बारिश में ही सड़क तालाब में बदल जाती है और कई बार वाहन कीचड़ में फंस जाते हैं। मरीजों को अस्पताल ले जाने, बच्चों को स्कूल पहुंचाने और रोजमर्रा की वस्तुओं की ढुलाई में भारी दिक्कतें आ रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या को कई बार ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और विभागीय अधिकारियों को बताया गया, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी ठेकेदार की मनमानी और विभागीय उदासीनता पर नाराजगी जताई है।

■ ग्रामीणों में प्रशासनिक लापरवाही को लेकर आक्रोश



## छाए रहे बादल, हल्की बूंदाबांदी दिनभर बेमौसम बारिश से किसानों की चिंता बढ़ी

**सोनहत।** क्षेत्र सहित आसपास के अधिकांश ग्रामों में बुधवार की सुबह से ही मौसम बदला-बदला रहा। आसमान पर पूरे दिन बादल छाए रहे और दोपहर बाद बीच-बीच में हल्की बूंदाबांदी होती रही। बावजूद इसके साप्ताहिक बाजार होने के कारण आमजन अपने दैनिक कार्यों में व्यस्त नजर आए। दिनभर बादलों की मौजूदगी से मौसम में हल्की ठंडक बनी रही। ग्रामीणों और किसानों ने बताया कि इस बेमौसम बारिश का सबसे ज्यादा असर धान की फसल पर पड़ा है। कई क्षेत्रों में धान पकने की स्थिति में है, जबकि कुछ जगहों पर कटे हुए धान खेतों में ही पड़े हैं। लगातार नमी और हल्की बारिश से दाना काला पड़ने, अंकुरित होने तथा वजन घटने का खतरा बढ़ गया है। किसानों का कहना है कि यदि मौसम इसी तरह बिगड़ा रहा तो खरीफ सीजन की मेहनत पर पानी फिर सकता है। उन्होंने बताया कि बेमौसम बारिश के कारण किसानी कार्यों में नुकसान दिखने लगा है और फसल की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

## अब तक 2 लाख 67 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड बने





**बैकुण्ठपुर।** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और गुणवत्तापूर्ण उपचार सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पिछले 25 वर्षों में निरंतर और ऐतिहासिक प्रगति दर्ज की गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार वर्ष 2000 से लेकर 2025 के बीच अनेक उपलब्धियां हासिल की गई है। उप स्वास्थ्य केन्द्र 82 से बढ़कर 89, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र 8 से बढ़कर 11 तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र 2 से बढ़कर 4 एवं जिला अस्पताल 100 बिस्तर क्षमता से बढ़कर 200 बिस्तर वाला अस्पताल संचालित हो रहा है। जिले में मातृ एवं शिशु अस्पताल, फर्स्ट रेफरल यूनिट, हमर लैब, एनआरसी, वायरोलॉजी लैब, डायलिसिस, सीटी स्कैन, सोनोग्राफी, ईको मशीन एवं ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना की गई है। राज्य का पहला वयोवृद्ध हेल्थ चेकअप सेंटर भी कोरिया जिले में संचालित हो रहा है। जिले में वर्तमान में 55 चिकित्सक, 11 विशेषज्ञ, 97 नर्सिंग स्टाफ, 16 लैब टेक्नीशियन, 93 एएनएम, 78 एमपीडब्ल्यू, कुल 10 एम्बुलेंस और 7 मुक्तांजलि वाहन उपलब्ध हैं। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अब तक 2,67,244 कार्ड, तथा आयुष्मान वय वंदना योजना के 7,177 कार्ड बनाए जा चुके हैं। वर्ष 2000 में जिले में केवल 5 आयुर्वेद औषधालय थीं जो बढ़कर 7 हो गई। पहले 5 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी और 2 फार्मासिस्ट नियुक्त थे जबकि अब 7 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी और 7 फार्मासिस्ट कार्यरत हैं। सभी औषधालय नवीन भवनों में संचालित हो रहे हैं। जिला अस्पताल बैकुंठपुर में आयुष विंग संचालित है, जहां आयुर्वेद एवं पंचकर्म उपचार स्नेहन, स्वेदन, कटिबस्ति, जानुबस्ति, अभ्यंग तथा शिरोधारा आदि विधियों के माध्यम से किए जा रहे हैं।

### कन्या महाविद्यालय में विभिन्न बौद्धिक प्रतियोगिता

## पुलिस स्मृति दिवस पर राष्ट्र निर्माण में पुलिस की भूमिका विषय पर छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



**बैकुण्ठपुर।** पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार शहीद पुलिसकर्मियों की स्मृति में आयोजित पुलिस स्मृति (झंडा) दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत 29 अक्टूबर को शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में विभिन्न बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.आरएन कच्छप के मार्गदर्शन में संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक एवं आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. सुमित कुमार डे ने बताया कि महाविद्यालय में निबंध, वाद-विवाद तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिनका विषय था राष्ट्र निर्माण में पुलिस की भूमिका। प्रतियोगिताओं के संचालन में पुलिस विभाग कोरिया के रक्षित निरीक्षक नितीश आर. नायर, प्रधान आरक्षक रामस्वरूप मार्को, आरक्षक पंकज तिवारी एवं हवलदार महेश मिश्रा का विशेष सहयोग रहा।

### प्रतियोगिताओं के परिणाम

निबंध प्रतियोगिता में प्रथम शीला एमएससी जंतु विज्ञान तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय देव कुमारी एमए समाजशास्त्र प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय दीक्षा ठाकुर बीए प्रथम सेमेस्टर रही। वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम पुष्पांजली बीएससी प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय अपूर्ण बीएससी, तृतीय काजल बीएससी तृतीय वर्ष एवं पूजा एमए समाजशास्त्र तृतीय सेमेस्टर संयुक्त रही। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम प्रीति सिंह बी.कॉम तृतीय सेमेस्टर एवं कृति सिंह बी.कॉम प्रथम सेमेस्टर संयुक्त, द्वितीय करूणा बीएससी अंतिम वर्ष, तृतीय रिया एवं कंचन बीएससी अंतिम वर्ष संयुक्त रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. ज्ञान चंद्रपाल, सुमित मिश्रा, डॉ. रिचा श्रीवास्तव, बिक्की राम, विनय गुप्ता, मो. अमजद, सुश्री रिचा चेलकर, विजय कुमार एवं सुश्री मेघा डाहिरे का विशेष योगदान रहा।

## मनेन्द्रगढ़ में धूमधाम से मनाया गया गोपाष्टमी पर्व

**मनेन्द्रगढ़।** जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में बुधवार को गोपाष्टमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही विभिन्न मंदिरों एवं कृष्णा गौशाला में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई।

■ गौ माता की पूजा अर्चना के साथ उमड़ी श्रद्धा

जगह-जगह गौ माता की पूजा-अर्चना कर लोगों ने गौ-सेवा और संरक्षण का संकल्प लिया। पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा गौ माता को स्नान, तिलक, पुष्प और गुड़-चारे का भोग अर्पित किया गया। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। इनमें महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गौशाला में काफी संख्या में लोग पहुंचे और



पर्व मनाती महिलाएं।

दान-पुण्य कर धर्मलाभ अर्जित किया। गोपाष्टमी पर्व के दौरान नगर में सामाजिक और धार्मिक संगठनों द्वारा विशेष कार्यक्रम एवं जागरूकता संदेश भी दिए गए। गौ संरक्षण की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए लोगों ने गौवंश के प्रति निश्छल भाव एवं सेवा की भावना प्रकट की। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गौ माता भारतीय संस्कृति और कृषि का आधार है, इसलिए उनके संरक्षण के लिए सभी को आगे आना चाहिए। पूरे दिन शहर में श्रद्धा और भक्ति का सुंदर संगम देखने मिला।

### न्यायालय तहसीलदार दरिमा, सरगुजा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.202510022300009/अ-27/24-25

**-: ईश्तहार :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका जहुरन बाई पति स्व. हरदेव, आयु लगभग 80 वर्ष, निवासी ग्राम कोटेया, थाना व तहसील दरिमा, जिला सरगुजा (छ.ग.) के संयुक्त खाते की भूमि ग्राम कोटेया प.ह.न. 14, रा.नि.म. दरिमा, तहसील दरिमा, जिला सरगुजा, (छ.ग.) में कुल प्लाट 26 कुल रकबा 9.2130 हे. भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। उक्त भूमि आवेदिका के पति स्व. हरदेव एवं उनके सगे भाई लब्दु है। उक्त भूमि को आवेदिका 1/2 हिस्से में खाता विभाजन हेतु आदेश पारित करने बावत् आवेदन न्यायालय में पेश किया गया है, जो न्यायालय में विचारधीन है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 07/11/2025 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**दरिमा, सरगुजा (छ.ग.)**

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विषेशज्ञ
डॉ. आशीश कुमार जायसवाल — जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी — MBBS, DCH, DNB
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय — MBBS, DNB Ortho, हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह — जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. मनोज भारती — MBBS, MS, हाइड्रोसील,बवासीर,हार्निया,फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित — MBBS, DNB (Ortho) MNAMS, हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया — MBBS, MS(General Surgeon), जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. भावना गार्डिया — स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले — MS, ENT
डॉ. नताशा शर्मा — स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा — एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. हिमांशु गुप्ता — MD ONCO, कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. संगिता भारती — चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
डॉ. कमल नारायण गुप्ता — श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता — MBBS, DCH
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य — जनरल फिजिशियन
डॉ. राहूल शामकांत जाधव — एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. सुरभि — BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology), दंत एवं मुख्य विशेषज्ञ
डॉ. आयुशी गुप्ता — न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. मीना राव — आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. हेमलता साहू — फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262839090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

सरगुजा मार्केट

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 01 नवंबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 01 नवंबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 29 अक्टूबर 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 9 नवंबर, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल — 10 बजे से शाम 5 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल, नमनाकला, अम्बिकापुर — 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल — शाम 5 बजे से 7 बजे तक

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 26 अक्टूबर, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 02 नवम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
सम्पर्क करें – 7587722255

## रन फॉर यूनिटी : एकता के कदमों से गूंजेगा मनेन्द्रगढ़

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में प्रतिवर्ष की भाति इस वर्ष भी राष्टीय एकता दिवस के अवसर पर एकता, अखंडता और भाईचारे का प्रतीक रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन किया जा रहा है। भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर आयोजित यह एकता दौड़ जिले में देशभक्ति और राष्ट्रीय समरसता की नई ऊर्जा का संचार करेगी।

### न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ.ग.)

रा.प्र.क्र......./अ-2/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कदम रसुल अंसारी आ. मो. समसुद्दीन अंसारी जाति जुलाहा निवासी नवागढ़ तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आध्यि की भूमि स्थित ग्राम नवागढ़ तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) खसरा नंबर 316/28 रकबा 0.006 हे. भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, सेटलमेन्ट, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 13/11/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**अम्बिकापुर**

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• चेहरे या पुरे शरीर में सूजन
• पेशाब में जलन
• यूरिया, क्रिएटिन का बढ़ना
• पेशाब कम आना या प्रोटीन आना
• पेशाब का रंग लाल होना
• हॉथ और पैरों में कमजोरी
• डायबिटिक किडनी
• किडनी स्टोन
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के पहले नेफ्रोलॉजिस्ट अब गायत्री हॉस्पिटल में प्रतिदिन उपलब्ध
किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. ऋषभ गुप्ता
MD Medicine, DM Nephrologist
Gold Medalist

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी.
Apollo HOSPITALS BILASPUR
अम्बिकापुर में... डॉ.आकाश गर्ग
एम. बी.बी. एस, डी.एन.बी. (मेडिसीन) डीएनबी (गैस्ट्रो)पेट आंत एवं लिवर विशेषज्ञ, पूर्व विशेषज्ञ - मेदान्ता हॉस्पिटल गुरगांव
दिनांक - 02 नवम्बर 2025, रविवार
समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ.विनय कुमार
एसोसिएट कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजीएम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
दिनांक - 02 नवम्बर 2025, रविवार
समय - 11.30 से शाम 4 बजे तक

तेज डायग्रोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
07774222555, 8718003300, 8085886678, 9752542415, 8120809000, 9424250281

## खबर संक्षेप



### सिलफिली में मंत्री राजवाड़े ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को दिलाई भाजपा की सदस्यता

**अम्बिकापुर।** भटगांव विधानसभा अंतर्गत सिलफिली के बंगालीपारा में आयोजित सड़क निर्माण कार्य के भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने दो स्थानीय कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाया। इस अवसर पर किसान कांग्रेस के जिला महामंत्री रामबली कुशवाहा तथा ब्लॉक कांग्रेस के सक्रिय सदस्य विनोद कुशवाहा ने भाजपा का दामन थामा। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने दोनों को भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए जनता की सेवा एवं विकास कार्यों में सक्रिय योगदान की अपेक्षा जताई। श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र को साकार करने हेतु पार्टी संगठन निरंतर मजबूत हो रहा है। नए कार्यकर्ताओं के जुड़ने से क्षेत्रीय विकास कार्यक्रमों को और गति मिलेगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### शिक्षिका स्व. प्रमिला तिर्की की जयंती पर स्कूल में किया गया न्योता भोज

**करवां।** संकुल केंद्र करवां अंतर्गत सरकारीपारा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शासन की महत्वपूर्ण योजना के तहत विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों के शारीरिक एवं बौद्धिक विकास हेतु पौष्टिक भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए जिसमें विद्यालय एवं ग्रामीणों के सहयोग से बच्चों को पौष्टिक भोजन थाली में परोसकर कमी को दूर किया जा सकता है।



इसी के तहत करवां शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करवां में पदस्थ व्याख्याता डॉ. श्रीमती निशा सिंह द्वारा शिक्षिका स्व . प्रमिला तिर्की के जयंती के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सरकारी पारा में न्योता भोज कार्यक्रम कराया गया। न्योता भोज में चावल, दाल, सब्जी, पूड़ी, अचार, सलाद एवं मीठा एक साथ देखकर बच्चों ने पूरे प्रसन्नता के साथ मन लगाकर खाया। विद्यालय के प्रधान पाठक कुमारी निर्मला कुजूर द्वारा न्योता भोज के आयोजन हेतु सभी आयोजन का आभार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने स्तर से बच्चों के पौष्टिक भोजन हेतु प्रयास करते रहना चाहिए न्योता भोज इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान सतीश भारद्वाज, राजेश कुमार सिंह, अंकित तिवारी, विनय प्रभाकर, भैया लाल राजवाड़े, एलिजाबेथ लकड़ा, वसुंधरा गोजे, प्रेमा एक्का, बहादुर राम राजवाडे, पार्वती भगत, सरिता साहू, हरिवंश सिंह सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### बाइक की टक्कर से महिला सहित तीन घायल

**अम्बिकापुर।** बेटी व भतीजी के साथ पैदल घर जा रही महिला को पीछे से आ रहे बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में महिला सहित दो बालिका घायल हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम चंदरपुर निवासी मनियारो पति जुगेश्वर बीती रात बेटी मीना व भतीजी मानमति के साथ अपने नए घर से तेंदूपारा स्थित पुराना घर पैदल जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में पीछे से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 15 ई 5572 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में महिला सहित दोनों बालिका घायल हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने बाइक चालक के विरूद्ध धारा 184, 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। एक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जबकि दूसरे ने अस्पताल लाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम सुकमा निवासी सुरेश नगेशिया आ. गंगा राम नगेशिया (24 वर्ष) 23 अक्टूबर को घर में अकेला था जबकि मां लालमति बकरी चराने और पिता खेत में काम करने गया था। शाम को जब माता-पिता घर लौटे तो देखा बेटा सुरेश उल्टी कर रहा है। परिजन कीटनाशक का गंध आने पर तत्काल उसे बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक का प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की बीती रात मौत हो गई। दूसरी घटना में प्रेमनगर निवासी राजेश दास आ. अमू दास 20 अक्टूबर को अज्ञात कारण से कीटनाशक खा लिया था। परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराए। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत में सुधार नहीं होने पर गत दिन उसे रेफर कर दिया। परिजन राजेश को शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

---

ग्राम पंचायत चोपन में लाखों की लागत से प्रस्तावित है पक्की सड़क

# सड़क निर्माण के लिए राशि स्वीकृत परंतु आज तक काम नहीं हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

**खास बात**

- निर्माण से पहले ही पंचायत को जारी किया गया था 40 प्रतिशत राशि

शासन प्रशासन द्वारा गांव के विकास के लिए विभिन्न निर्माण कार्य कराए जा रहे है जिससे लोगों को बेहतर सुविधा का लाभ मिल सके। कुछ ग्राम पंचायत में योजना का लाभ मिल रहा है परंतु कुछ क्षेत्र ऐसे भी है जहां लोगों के बड़ी संख्या में आवागमन करने के बावजूद आज तक कच्ची सड़क को पक्की सड़क नहीं बनाया गया है। ऐसा नहीं है की पक्की सड़क के लिए राशि स्वीकृत नहीं की गई। राशि स्वीकृत होने के बाद भी ग्राम पंचायत चोपन के लोग पक्की सड़क की सुविधा से वंचित है जबकि प्रशासनिक आदेश के बावजूद छह माह बाद भी सड़क निर्माण शुरू नहीं हो सकी जिससे अब क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है।

विकासखंड भैयाथान अंतर्गत ग्राम पंचायत चोपन में स्वीकृत सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से पहले ही सवालों के घेरे में आ गया है। लगभग 7.80 लाख की लागत से बनने वाली इस सड़क का कार्य छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण से स्वीकृत हुआ था, जिसकी 40 प्रतिशत राशि लगभग 3 लाख रुपए मई माह में ग्राम पंचायत को जारी भी की जा चुकी है। इसके बावजूद छह महीने बीत जाने के बाद भी सड़क निर्माण का कोई अता-पता नहीं है। जबकि 1 अप्रैल को जारी प्रशासनिक आदेश के तहत इस कार्य को छह माह की समयसीमा में पूर्ण करना अनिवार्य था, किंतु पंचायत और संबंधित विभागीय अधिकारियों ने इस आदेश को मानो कागज़ों की शोभा बढ़ाने तक सीमित कर दिया है। सूत्रों की माने तो भुगतान ऐसे ट्रेडर्स नामक फर्म को किया गया है जिसका फर्म का निर्माण कार्य या निर्माण सामग्री आपूर्ति से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि कागजी खानापूर्ति कर राशि निकाली गई, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस कार्य का ठेका मंत्री के करीबी व्यक्ति को दिया गया है, जिसके चलते पंचायत से लेकर विभागीय स्तर तक कोई भी अधिकारी इस मामले में चुप्पी साधे है। ग्रामीणों का कहना है कि ज़मीन पर काम शुरू न होने से लोगों के बीच यह शंका गहराती जा रही है कि कहीं सड़क कागज़ों पर ही सिमट कर न रह जाए।



ग्राम पंचायत की कच्ची सड़क।

**कच्ची सड़क ने बढ़ाई परेशानी**

ग्राम पंचायत में व्यवस्थित सड़क नहीं होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बारिश के दिनों में कच्ची सड़क पर कीचड़ होने से पैदल चलना दूभर हो जाता है। जबकि गर्मी के दिनों में सड़क के उबड़ खाबड होने से मार्ग से गुजरने वाले बाइक सवार लोग दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है। गांव में सिर्फ खानापूर्ति के नाम पर आवागमन के लिए सड़क मूरुम बिछा दिया गया है।

**ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग**

ग्राम पंचायत चोपन में सड़क निर्माण व राशि स्वीकृत होने के बावजूद निर्माण शुरू नहीं होने पर काफी आक्रोशित है। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल सड़क निर्माण का मामला नहीं, बल्कि जनता के अधिकारों, पारदर्शिता और शासन की साख से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। ग्रामीणों ने इस मामले में जांच की मांग की है ताकि दोषियों पर सख़्त कार्रवाई हो सके।

**जारी किया गया है शोकॉज नोटिस**

ग्राम पंचायत को निर्माण कार्य प्रारंभ न करने पर शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। यदि तीन दिवस के भीतर कार्य प्रारंभ नहीं किया जाता है, तो संबंधित राशि की वसूली की कार्यवाही की जाएगी।

-विनय कुमार गुप्ता
मुख्य कार्यपालन अधिकारी

---

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण 4 नवम्बर से 4 दिसंबर तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



- घर-घर जाएंगे बीएलओ, लेंगे आवश्यक जानकारी

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण 2025-26 की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जोड़ने और त्रुटियों को सुधारना है। राज्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जारी दिशा निर्देश के तहत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक घर-घर गणना चलेगा, जिसमें बीएलओ घर-घर जाकर नागरिकों से आवश्यक जानकारी एकत्र करेंगे और फार्म का वितरण करेंगे। इसके उपरांत 9 दिसम्बर को प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 9 दिसंबर से 8 जनवरी तक दावा-आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। उक्त अवधि में नागरिक अपने नाम जोड़ने, सुधारने या हटाने के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। तत्पश्चात 9 दिसंबर से 31 जनवरी तक नोटिस चरण, सुनवाई एवं सत्यापन का कार्य किया जाएगा। सभी प्रक्रियाएं पूर्ण होने के बाद 7 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिले के नागरिकों से कहा है कि वे समय रहते अपनी जानकारी अद्यतन कराएं ताकि मतदान के समय किसी प्रकार की समस्या न हो और लोकतंत्र के महापर्व में अधिक से अधिक लोग अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।

### पैलेस घाट छठ सेवा समिति ने की घाट की साफ-सफाई

**अम्बिकापुर।** छठ महापर्व के समापन पश्चात घाट में फैले पूजा सामग्री, फूल-माला सहित प्लास्टिक के बिखरे होने पर आज पैलेस छठ घाट की सफाई समिति सहित आसपास के लोगों द्वारा किया गया। समिति के लोगों ने बताया कि महापर्व छठ पूजा संपन्न हो गया है। अब हमारा अगला कर्तव्य है कि घाट को वैसे ही स्वच्छ और सुंदर बनाना, जैसे पर्व से पहले था। आज छठ घाट की सफाई का कार्य किया गया। छठ घाट सहित आसपास फैले पूजा सामग्री, फूल-माला, प्लास्टिक आदि को निर्धारित स्थान पर रखा गया। घाट सफाई के दौरान बड़ी संख्या में समिति के सदस्य सहित आसपास के लोग मौजूद रहे।



---




## जूनियर सिंगल डांस प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अनोखी सोच संस्था के तत्वावधान में जूनियर सिंगल डांस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन मणिपुर दर्रीपारा में किया गया। प्रतियोगिता में 87 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से 25 प्रतिभागियों का चयन सेमीफाइनल के लिए किया गया। सेमीफाइनल मुकाबला 1 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। डांस प्रतियोगिता में अन्य राज्यों से भी प्रतिभागी शामिल हुए। संस्था द्वारा उनके रहने खाने की व्यवस्था की जा रही है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शफी अहमद, सरोज साहु, विनय शर्मा एवं शुभम जायसवाल उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए संस्था के इस प्रयास को समाज में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया। कार्यक्रम में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। बच्चों ने अपनी नृत्य कला का शानदार प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। मंच पर हर प्रस्तुति तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराही गई। निर्णायक मंडल में श्रीमती रविन्द्र कौर, श्रीमती श्वेता सिन्हा, परमानंद तिवारी, रणविजय सिंह एवं विनायक पांडेय शामिल रहे। उन्होंने निष्पक्ष रूप से प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। संस्था के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश साहू ने बताया कि अनोखी सोच संस्था का उद्देश्य बच्चों की छुपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और सकारात्मक सोच के माध्यम से समाज में सृजनात्मक वातावरण बनाना है। आयोजित डांस प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले 2 नवंबर को होना तय किया गया है।

इस दौरान अभय साहू, लालजी साहू, भोला रक्सेल, जवाहर साहू, संजीव चटर्जी, लरंग मुंडा, नीरज, सुभाष, संदीप, मुदलियार, अजय, राहुल, आंनद, रोहित सिंह, अवधेश केरकेट्टा, विशाल, रमेश, मुकेश मुंडा, विजय राजवाड़े सहित अन्य मौजूद रहे।

---

## नगर पंचायत में धूमधाम से मनाया गया छठ महापर्व





हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

नगर पंचायत सहित कुसमी विकासखंड अंतर्गत कई स्थानों पर सूर्य उपासना का महापर्व छठ बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। छठ महापर्व को लेकर नगर पंचायत में एसडीएम करुण डहरिया के निर्देशन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद विश्वकर्मा सहित नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी पार्षद, नागरिक के सहयोग से इस वर्ष छठ घाट पर बनारस से गंगा आरती करने हेतु पंडितों को बुलाकर सायं काल एवं प्रातः काल में मंत्रोच्चारण के साथ गंगा आरती का आयोजन किया गया। नगरवासी सहित आसपास क्षेत्र के लोगों ने गंगा आरती की काफी सराहना की। छठ महापर्व के अवसर पर व्रतधारी सूर्य देव की उपासना करते हुए कुसमी राजा तालाब के पास सहित कुसमी-सामरी रोड, कंजिया ग्राम पंचायत, बिनगंगा नदी, ग्राम पंचायत सामरी, सबाग, कमलापुर , मदगुरी, चांदो सहित अन्य जगहों पर छठ महापर्व को बड़े ही धूमधाम से मनाया। व्रतियों ने सूर्य देवता को दूध एवं गंगा जल का अर्घ्य देकर परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशहाली की कामना की।

### छठ घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**सीतापुर।** सूर्यदेव को समर्पित लोक आस्था का महापर्व छठ व्रतियों द्वारा उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान उगते सूरज को अर्घ्य देने घाट पर व्रतियों के साथ भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोक आस्था का महापर्व छठ नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े भक्तिभाव एवं उत्साह के साथ मनाया गया। शनिवार को नहाय खाये से शुरू होने वाला चार दिनों का यह महापर्व मंगलवार को उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ। इस बीच खरना एवं अस्तगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद कुछ व्रती घर चले गए वही कुछ व्रतियों ने पूरी रात घाट पर गुजारी। छठ पूजा को लेकर विधायक रामकुमार टोप्पो, वार्ड पार्षद नीरू मिस्त्री, रवि श्वेता अग्रवाल एवं सीएमओ ओमप्रकाश शर्मा के दिशानिर्देश में नगर पंचायत द्वारा झोर तालाब एवं बाजारडांड स्थित तालाब में चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। दोनों जगहों पर घाट की साफ सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था के साथ व्रतियों के रुकने के व्यापक इंतजाम किए गए थे। मंगलवार को उगते सूरज को अर्घ्य देकर पूरे विधि विधान के साथ लोकआस्था का महापर्व छठ पूजा का समापन किया। व्रतियों के साथ श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर जीवन मे सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। छठ पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसडीओपी राजेंद्र मंडावी एवं थाना प्रभारी सीआर चंद्रा के नेतृत्व में पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद थी।



---

## सिलफिली से काली घाट तक बदहाल सड़क की शीघ्र मरम्मत कराने कलेक्टर को ज्ञापन

- एक सप्ताह बाद ग्रामीणों के साथ एनएच में प्रदर्शन करने की दी गई चेतावनी

**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 43 की हालत सुधरने की बजाय बिगड़ती जा रही है,सिलफिली से लेकर कालीघाट तक का मार्ग जगह-जगह बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुका है,इस जर्जर सड़क से होकर गुजरना अब लोगों के लिए जान जोखिम में डालने के समान हो गया है,आए दिन वाहन पलटने और दुर्घटनाओं की घटनाएं सामने आ रही हैं, इस गंभीर मुद्दे को लेकर जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव ने बुधवार को कलेक्टर सूरजपुर को एक ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई करते हुए अतिशीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है,कलेक्टर को दिए ज्ञापन में जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव ने उल्लेख किया है कि गत दिनों 19 जुलाई को ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर एनएच 43 मार्ग पर चक्काजाम आंदोलन किया गया था, उस समय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने 15 अक्टूबर के बाद मरम्मत कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया था,इस भरोसे पर लोगों ने तब आंदोलन को समाप्त कर दिया था, लेकिन आज 29 अक्टूबर तक भी सड़क मरम्मत का काम शुरू नहीं किया गया है,बारिश के मौसम के बाद गड्ढे और गहरे और बड़े आकार के हो चुके हैं, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी हो रही है,दोपहिया वाहन सवार अक्सर नियंत्रण खोकर घायल हो रहे हैं,वहीं आपातकालिन स्थिति में एम्बुलेंस और स्कूली बसों का संचालन भी मुश्किल हो गया है, जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव ने चेताया है कि यदि एक सप्ताह के भीतर सड़क मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया,तो ग्रामीणों द्वारा फिर से एनएच में प्रदर्शन किया जाएगा,उन्होंने कहा कि सरकार और विभागीय अधिकारियों की उदासीनता अब आमजन मानस बर्दाश्त नहीं करेंगे, यह सड़क क्षेत्र की जीवनरेखा है और यदि इसे नजर अंदाज किया गया, तो यह बड़ा जन आंदोलन का रूप ले लेगा,लोगों का कहना है कि सिलफिली से कालीघाट तक की उक्त मार्ग से रोजाना हजारों की संख्या में ग्रामीण, छात्र और अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों द्वारा आवाजाही की जाती है,जगह-जगह बड़े गड्ढे होने से छोटे वाहन तो पूरी तरह फंस जाते हैं,ग्रामीणों ने कहा कि अब यह सिर्फ सड़क नहीं बल्कि हादसे का रास्ता बन गया है।

---

## आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती फर्जीवाड़ा का मुख्य आरोपी अब भी फरार, लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

विकासखंड शंकरगढ़ में आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती के दौरान फर्जी अंकसूची के आधार पर किए गए फर्जीवाड़े का मुख्य आरोपी महिला एवं बाल विकास विभाग का बाबू विष्णु यादव अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। जिससे क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है और दोषी के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

भर्ती प्रक्रिया में फर्जी अंकसूची का उपयोग कर कुछ अभ्यर्थियों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया था। अभ्यर्थियों को सजा तो मिल गई लेकिन जांच में बाबू विष्णु यादव की संलिप्तता स्पष्ट होने के बावजूद आज तक उसकी गिरफ्तारी नहीं होने से लोगों में आक्रोश है। क्षेत्रवासियों कहना है कि अगर आरोपी निर्दोष है तो फरार नहीं होना चाहिए। इधर कार्रवाई में जानबूझकर ढिलाई बरती जा रही है। आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती प्रक्रिया में चयन समिति में जनपद सीईओ, बीईओ, बीएमओ, परियोजना अधिकारी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। बावजूद इसके दस्तावेज़ सत्यापन में चूक होना कही न कहीं फर्जीवाड़ा को दर्शाता है। क्षेत्र के लोगों सहित सामाजिक संगठनों ने मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मांग पूरी नही होने र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।




---

### गोपाष्टमी पर्व पर देवगई आदर्श गौशाला में विधि विधान पूर्वक की गई हवन-पूजन

**रामानुजगंज।** कार्तिक मास की गोपाष्टमी तिथि के अवसर पर स्थानीय देवगई आदर्श गौशाला में भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यज्ञ-हवन, गौ माता की पूजा-अर्चना, गौ संगोष्ठी एवं महाप्रसाद वितरण किया गया। पूजन कार्यक्रम विनय कुमार पांडेय द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य जजमान के रूप में गौशाला समिति के कोषाध्यक्ष आनंद चौबे, गौ सेवा आयोग के सदस्य अंकित कलवार एवं राहुल गुप्ता उपस्थित रहे। पूजन उपरांत गौ भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें गौ माताओं को गुड़, फल आदि अर्पित किए गए। इस दौरान आदर्श गौशाला अध्यक्ष बद्री यादव, जिला पंचायत सदस्य मुंशी राम, जनपद उपाध्यक्ष सुनील तिवारी, शैलेश गुप्ता, अनोज यादव, अशर्फी यादव, राजकुमार यादव, अरविंद प्रजापति, देव कुमार सिंह,धर्म प्रकाश केसरी, आकाश तिवारी, मनोज प्रजापति, मनोज यादव, पंचम कुशवाहा, विमल दुबे सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामवासी उपस्थित रहे।



---

## जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों की बैठक

**रामानुजगंज।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र कटारा के अध्यक्षता में समस्त राजनीतिक दलों की बैठक कलेक्टर कक्ष में बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, सदस्यों को विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में जानकारी साझा किया गया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची के गहन पुननरीक्षण के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा की गई। साथ ही जिला अंतर्गत 90 नवीन मतदान केन्द्रों की जानकारी दी गई। उपस्थित दलों को 3 अक्टूबर को जिले के समस्त तहसील कार्यालयों में आयोजित प्रशिक्षण में बूथ लेवल एजेंट को उपस्थित कराने हेतु जानकारी दी गई। राजनीतिक दलों को बताया गया कि जिन दलों ने बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति नहीं की है उनके बूथ जेवल एजेंट नियुक्त करने की बात कही। उपस्थित प्रतिनिधियों को वोटर पोर्टल के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में वर्ष-2003 किस मतदान केन्द्र में दर्ज था, उसे खोजने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। जिले के मतदान केन्द्र एवं तहसील वार मतदाता संख्या से अवगत कराया गया। राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट के विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्यक्रम के दौरान उनके दायित्वों से अवगत कराया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई गणना पत्रक के फॉर्म को भरे जाने के संबंध में विस्तार से समझाया गया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी चेतन बोरघरिया, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप



### राज्योत्सव की तैयारियों का जिला सीईओ ने किया निरीक्षण

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 2 से 4 नवम्बर 2025 तक अंबिकापुर के काला केंद्र मैदान में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम की तैयारियों का जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल एवं अपर कलेक्टर सुनील नायक ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंच निर्माण, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई, पार्किंग, सुरक्षा, स्टॉलों की सजावट और दर्शक दीर्घा की व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर ली जाएं। जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल ने कहा कि राज्योत्सव छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान और गौरव का प्रतीक है। यह अवसर प्रदेश की लोककला, संस्कृति, परंपरा और स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को प्रदर्शित करने का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय और टीम भावना के साथ कार्य करें, जिससे कार्यक्रम आकर्षक और सुव्यवस्थित रूप में संपन्न हो। अपर कलेक्टर सुनील नायक ने बताया कि तीन दिवसीय राज्योत्सव के दौरान विभागीय प्रदर्शनियां, स्व-सहायता समूहों के स्टॉल, स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दर्शकों की सुविधा, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर अमृत लाल ध्रुव, एसडीएम फागेश सिन्हा, सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर टांगी से जानलेवा हमला

**अम्बिकापुर।** बाइक से किनारा सामान लेकर घर आ रहे युवक को गांव के ही एक व्यक्ति ने पुरानी रंजिश को लेकर टांगी से जानलेवा हमला कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ओड़गी थाना अंतर्गत ग्राम इंदरपुर निवासी सुरेश कुमार यादव आ. स्व. शिवधारी यादव (33 वर्ष) 26 अक्टूबर की शाम गांव के ही भोरेलाल खैरवार के साथ बाइक से किराना सामान लेकर वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही गांव पहुंचे तभी गांव के ही राजेश कुमार यादव ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते हुए टांगी से जानलेवा हमला कर दिया जिससे युवक घायल हो गया। घटना को देख भोरेलाल सहित अन्य लोगों ने बीच बचाव किया। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### गाय के दूध नहीं देने पर पति व सास ने की बहू से मारपीट

अम्बिकापुर। गाय के दूध नहीं देने से पति व सास सहित भांजी ने महिला की जमकर पिटाई कर दी। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम द्वारिकापुर निवासी नीरा यादव पति ईश्वर प्रसाद ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 27 अक्टूबर की सुबह 9 बजे गाय को भूसा खिला रही थी। इसी दौरान सास फुलमति यादव पहुंची और बोली की जब से तुम गाय को भूसा खिला रही हो तब से गाय दूध देना बंद कर दिया है। इसी बात को लेकर सास व बहू के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पति, सास व भांजी ने महिला की पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति, सास व भांजी के विरूद्ध धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### कुसमुरा कॉलेज में पुलिस का जागरूकता कार्यक्रम

**रायगढ़।** ट्रैफिक डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस रायगढ़ द्वारा शासकीय महाविद्यालय कुसमुरा में ट्रैफिक अवेयरनेस, साइबर क्राइम और कैरियर गाइडेंस पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह ने शासकीय नवीन महाविद्यालय के छात्र.छात्राएं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कैडेट को सुरक्षित यातायात के नियमों की जानकारी दी और उनके पालन पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि नवयुवकों को रेस राइडिंग और वाहन चलाते हुए स्टंट करने से बचना चाहिए क्योंकि यह न केवल जानलेवा है बल्कि यातायात नियमों का गंभीर उल्लंघन भी है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे स्टंट और रेसिंग के वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करना खतरनाक प्रवृत्ति है, पुलिस ऐसे मामलों की निगरानी कर पहचान के बाद कार्रवाई करती है। साइबर क्राइम विषय पर जानकारी देते हुए डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी फिशिंग लिंकए फेक कस्टमर केयर नंबर, ऑनलाइन जॉब ऑफर, फर्जी लोन एप और फ्रॉड जैसे तरीकों से आमजन को ठग रहे हैं।

## बारिश से भीगी धान की बालियों में होने लगा अंकुरण

# खेतों में भरा वर्षा का पानी, दो दिनों से हो रही रूक-रूककर बारिश



भारी बारिश के बाद पानी भींगता धान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बिहारपुर

चक्रवाती तूफान मोंथा के प्रभाव से बुधवार को कुछ क्षेत्रों में हल्की जबकि कुछ इलाकों में भारी वर्षा हुई है। मौसम विज्ञानी गुरूवार को भी तूफान से कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

**खास बात**
- किसानों की बढ़ी चिंता

समुद्र तट से टकराने के बाद चक्रवाती तूफान मोंथा अब कमजोर हो रहा है लेकिन तूफान के साथ पहुंची नमी अभी भी वातावरण में पर्याप्त मौजूद है। वहीं तूफान का प्रभाव अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। चक्रवाती तूफान के प्रभाव से शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में बादलों की आवाजाही जारी है जबकि कई क्षेत्रों में पिछले चार दिन से धूप नहीं निकली है। तूफान के प्रभाव से बुधवार को भी कुछ क्षेत्रों में वर्षा हुई। तूफान के प्रभाव से बुधवार को भी पूरे दिन बादल छाए रहे। इस दौरान शाम 4 बजे कुछ देर के लिए धूप निकली। बुधवार को दरिमा सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की वर्षा हुई जबकि शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में सुबह हल्की फुहारें गिरी। बलरामपुर एवं सूरजपुर के कुछ क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की सूचना मिली है। सूरजपुर जिलान्तर्गत दूरस्थ चांदनी बिहारपुर में भारी वर्षा दर्ज की गई है। चक्रवाती तूफान के प्रभाव से बिहारपुर क्षेत्र में मंगलवार की रात 8 बजे से ही रूक-रूक कर बारिश होती रही। बुधवार को दोपहर 1.30 बजे बारिश की रफ्तार कम हुई तो लोगों ने राहत की सांस ली। बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया है। तथा काटकर खेतों में सूखने के लिए रखी गई धान की फसल पिछले तीन दिनों से बारिश में भींग रही है। कृषको का कहना है कि तीन दिनों तक भींगने के बाद अब बालियों में अंकुरण होना शुरू हो गया है। किसानों का कहना है कि तत्काल मौसम साफ नहीं हुआ तो धान की भीगी फसल खराब हो जाएगी। क्षेत्र के लगभग आधे किसानों ने अपनी फसल की कटाई कर दी है तथा पूरी फसल खेतों में ही पड़ी है। तहसील कार्यालय द्वारा बुधवार को 16.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### बारिश से गिरा आंबा भवन



चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश से बुधवार को सुबह ग्राम पंचायत लुल्ह स्थित जर्जर आंबा भवन भरभराकर गिर गया। दो दशक पूर्व शासन द्वारा आंबा भवन का निर्माण किया गया था। निर्माण के समय आवागमन की असुविधा के कारण निर्माण सामग्री ने परिवहन में समस्या होने के कारण भवन के छत की ढलाई नहीं की गई थी तथा टीन शेड लगाया गया था। बुधवार को सुबह 8 बजे आंबा भवन ढह गया। आंबा केन्द्र का संचालन सुबह 10 बजे से किया जाता है। जिस समय भवन गिरा उस समय कोई भी मौजूद नहीं था।

#### दलदल में तब्दील हुई सड़क

बारिश से महुली-बैजनपाट सड़क दलदल में तब्दील हो गई है। दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के अधिकांश ग्राम पंचायतों में अभी तक पक्की सड़क नहीं बन पाई है। कच्ची सड़क ही क्षेत्रवासियों के आवागमन का एकमात्र साधन है। बारिश में महुली बैजनपाट मार्ग के साथ ही अन्य कच्ची सड़के भी कीचड़ व दलदल में तब्दील हो गई हैं जिसके कारण आवागमन में लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।



## लंबित मांगों को पूर्ण करने तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला इकाई ने कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार द्वारा किए गए वादों को याद दिलाने के साथ उन्हें पूरा करने की मांग की है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि पूर्व में विधानसभा चुनाव के दौरान कर्मचारियों के हित में मोदी की गारंटी के रूप में कई घोषणाएं की गई थीं, जिनका अब तक क्रियान्वयन नहीं हुआ है। इन्हीं वादों की याद दिलाने और समस्याओं के समाधान की दिशा में सरकार का ध्यान आकर्षित करने हेतु यह स्मरण ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने कहा कि राज्य के कर्मचारियों व पेंशनरों को केंद्रीय कर्मचारियों की भांति देय तिथि से महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत दिया जाए तथा बकाया एरियर राशि को जीपीएफ में समायोजित किया जाए। सेवानिवृत्ति पर अवकाश नगदीकरण की सीमा 240 दिन से बढ़ाकर 300 दिन की जाए। संविदा, दैनिक व अनियमित कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित किया जाए और सेवा सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। सभी संवर्गों के अधिकारी-कर्मचारियों को सेवा काल में चार स्तरीय वेतनमान का लाभ दिया जाए। सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगतियों का समाधान किया जाए। शिक्षक, लिपिक एवं अन्य संवर्गों की वेतन विसंगति पर गठित समिति का प्रतिवेदन शीघ्र प्रकाशित कर लागू किया जाए। शिक्षक (एलबी) संवर्ग को प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा लाभ प्रदान किया जाए। उत्तर प्रदेश की तर्ज पर प्रदेश के अधिकारियों, कर्मचारियों व पेंशनरों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा एवं बोनस प्रदान किया जाए। अनुकंपा नियुक्ति में 10 प्रतिशत की सीमा समाप्त कर सभी पात्रों को शीघ्र नियुक्ति दी जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता, स्वास्थ्य संयोजक संघ के जिलाध्यक्ष हेमंत कुमार महंत, बलरामपुर के स्वास्थ्य संयोजक अब्राहम तिर्की, अनिल यादव, अतुल कुमार, वीरेन्द्र खाखा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

- चुनाव के दौरान किए वादों को पूरा करने की मांग

### कर्मचारियों ने कलेक्टर को सौंपा 9 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने विस चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी के तहत घोषित कर्मचारी हित की घोषणाओं को पूरा करने मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम 9 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। ज्ञापन में केंद्रीय कर्मचारियों की तरह देय तिथि से महंगाई भत्ता, पेंशनरों को महंगाई राहत, डीए की एरियर्स राशि जीपीएफ खाते में समायोजित करने, सेवानिवृत्ति पर 240 दिन की जगह 300 दिवस का अवकाश नगदीकरण सुविधा, संविदा एवं अनियमित कर्मचारियों की रिक्त पदों पर नियुक्ति, चार स्तरीय वेतनमान विभिन्न संवर्ग के कर्मचारियों की वेतन विसंगति दूर करने, शिक्षक एलबी संवर्ग की सेवा गणना प्रथम नियुक्ति तिथि करने, अधिकारी, कर्मचारी व पेंशनरों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा व बोनस देने, अनुकंपा नियुक्ति की 10 फीसदी सीलिंग को समाप्त करने की मांग की गई है।

## रिश्तेदार से जमीन विवाद, कोलकर्मी ने दुर्गापूजा मंच में लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



एसईसीएल कुमदा सब एरिया ऑफिस में भृत्य के पद पर कार्यरत सियाराम राजवाड़े का शव बुधवार की सुबह ग्राम पंचायत रामनगर पतरापारा स्थित दुर्गा पूजा मंच में फांसी के फंदे पर लटका मिला है। सूचना मिलते ही बिश्रामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि मृतक 56 वर्षीय सियाराम राजवाड़े पिता स्व. बाबूलाल राजवाड़े ग्राम पंचायत कुमदाबस्ती रजवारपारा का निवासी था और एसईसीएल कुमदा सब एरिया ऑफिस में प्यून के रूप में कार्यरत था।

- घटना के एक दिन पूर्व मृतक की चाची ने जमीन विवाद को लेकर दर्ज कराई थी एफआईआर

मंगलवार शाम लगभग साढ़े छह बजे वह अपने घर से बाइक क्रमांक सीजी 29 एसी 5539 से निकला था। वह अपने परिचित ग्राम पंचायत रामनगर निवासी राजेश देवांगन के घर गया। वहां उसने राजेश से कहा कि अब हमारी यह आखिरी मुलाकात है,राजेश देवांगन उस समय बात का अर्थ नहीं समझ पाया, लेकिन बाद में जब यह घटना सामने आई तो वह स्तब्ध रह गया। बुधवार की सुबह जब ग्रामीण वहां पहुंचे, तो उन्होंने शव को लटकता देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना में यह भी सामने आया है कि मृतक सियाराम राजवाड़े के खिलाफ मंगलवार को ही जमीन विवाद को लेकर उसकी चाची कौशल्या राजवाड़े पति शिवचरण राजवाड़े ने बिश्रामपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस इस तरफ भी जांच कर रही है और मान रही है कि परिवार में चल रहे जमीन विवाद और मानसिक तनाव के कारण उसने यह कदम उठाया होगा। मामले की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी टीआई प्रकाश राठौर टीम के साथ मौके पर पहुंच पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### प्रतिष्ठानों में आंतरिक शिकायत समिति अनिवार्य

**रायगढ़।** महिलाओं का कार्यस्थल पर लैगिंक उत्पीडन निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013 के क्रियान्वयन के संबंध में तथा महिलाओं के सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए जिला प्रशासन सजग है। ऐसे सभी विभाग, संगठन, उपक्रम, प्रतिष्ठान, उद्यम, संस्थान, कार्यालय, शाखा अथवा इकाई जो प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सरकार, स्थानीय प्राधिकरण, सरकारी कम्पनी, निगम, सहकारी सोसाइटी द्वारा प्रदत्त निधियों द्वारा स्थापित, स्वामित्वाधीन, नियंत्रणाधीन अथवा वित्त पोषित हो।

### किसानों ने एसडीएम से मांगी चक्का जाम करने अनुमति, कर रहे उपार्जन केन्द्र प्रभारी को हटाने की मांग

**अम्बिकापुर।** धान उपार्जन केंद्र प्रभारी को हटाने की मांग को लेकर किसानों ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौपा। साथ ही समिति प्रभारी के विरूद्ध कार्रवाई नहीं होने पर किसानों ने 31 अक्टूबर को चक्का जाम करने अनुमति मांगी है। ग्रामीणों ने सौंपे ज्ञापन में बताया है कि समिति-सेदम पंजीयन क्रमांक 196 के उपार्जन धान खरीदी केन्द्र-मंगारी के प्रभारी की नियुक्ति 2024-25 में आजाद सिंह को किया गया है। जिसको समिति प्रभारी से हटाने के लिए आवेदन कलेक्टर एवं विधायक सीतापुर को दिया गया है। जिसका निराकरण आज तक नहीं किया गया है। जिस कारण धान खरीदी केन्द्र मंगारी के अन्तर्गत आने वाले सभी ग्राम पंचायत मंगारी, बालमपुर, बिशुनपुर, कपाटबहरी के सभी किसानों द्वारा यह निर्णय लिया गया है और चक्का जाम करने के लिए मजबूर हो गए। किसानों ने प्रभारी को हटाने की मांग की। मांग पूरी नही होने पर 31 अक्टूबर को एनएच 43 पर अनिश्चित कालीन चक्का जाम करने की अनुमति मांगी है।

### रायगढ़ में भी एसआरआई की तैयारी

**रायगढ़।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2026 की कार्यवाही प्रारंभ हो गई है। इस अभियान के दौरान मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले के 12 स्थानों पर हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार ये हेल्प डेस्क जिला निर्वाचन कार्यालय नगर निगम कार्यालय तथा सभी 10 तहसील मुख्यालयों में संचालित होंगे।

## जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम 2 से 4 नवंबर को

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन 2 से 4 नवंबर को किया जाना है। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का भव्य एवं गरिमामय आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधितों को दिए। स्टेडियम ग्राउंड में तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ विभागो द्वारा विभागीय प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। विभागीय प्रदर्शनी में छग के 25 वर्ष की विकास यात्रा का प्रदर्शन किया जाएगा। कलेक्टर द्वारा कार्यक्रम के बेहतर व सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को विभागवार जिम्मेदारियां सौंफ दी गई है। जिसके अंतर्गत जिपं सीईओ विजेंद्र पाटले को नोडल एवं अपर कलेक्टर को सहायक नोडल बनाया गया है।



बैठक में घुमंतू मवेशियों के संबंध में भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने समस्त नगर पंचायत सीएमओ को घुमंतू मवेशियों के स्थानों का चिन्हाकन कर उनके प्रबंधन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। घुमंतू पशुओं के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने पशुपालकों को जागरूक करने की बात कही, ताकि पशुपालक अपने स्थान पर ही उनकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही धान खरीदी के लिए सहकारी समितियों के तैयारियां सुनिश्चित करने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समिति की तैयारियों के भौतिक सत्यापन हेतु जिन जिला स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है उन्हे अपना सत्यापन का निर्धारित समय सीमा पर पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि व्यवस्था को पुख्ता किया जा सकें। बैठक में वनमण्डलाधिकारी पंकज कमल, जिपं सीईओ विजेद्र पाटले, अपर कलेक्टर एवं सर्व एसडीएम सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## फसल होने के बाद भी रकबा शून्य- अमरजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर



धान खरीदी के पूर्व किसानों का रकबा घटाने, अधिकारियों की शह पर अतिक्रमण हटाने, जर्जर सडकों के मरम्मत सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया है। इस दौरान पूर्व मंत्री ने एक सप्ताह में मांगें पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन आंदोलन, चक्का जाम करने की चेतावनी दी है। 15 नवम्बर से होने वाले धान खरीदी के पूर्व किसानों के धान का रकबा काफी घटा दिया गया है। खेतों में धान की फसल लगे होने के बाद भी धान का रकबा शून्य कर दिया गया है।

- पूर्व मंत्री के नेतृत्व में सौंपा 7 सूत्रीय ज्ञापन, दी आंदोलन की चेतावनी

इसके अलावा धान के खेतों में दूसरी फसल की उपज दिखा किसानों को धान बेचने से वंचित किया जा रहा है। जिससे परेशान किसानों द्वारा इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया लेकिन कोई हल नहीं निकला। लाख कोशिशों के बाद भी जब उनकी परेशानी दूर नहीं हुई तब किसानों ने पूर्व मंत्री अमरजीत भगत से मिलकर उन्हें अपनी समस्या से अवगत कराया। किसानों की समस्या से अवगत होने के बाद पूर्व मंत्री अमरजीत भगत किसानों एवं कांग्रेसियों संग एसडीएम कार्यालय पहुंचे थे जहां उन्होंने किसानों की रकबा दुरस्त करने समेत सात सूत्रीय मांगों के समर्थन में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्राम सोनतराई से सुर तक शहर के बीचोबीच से होकर गुजरने वाली नेशनल हाईवे की चार किमी लंबी सड़क काफी जर्जर हो गई है। जिस पर लोगो का चलना मुश्किल हो गया है और रोज कोई न कोई सड़क दुर्घटना का शिकार हो रहा है। लोगों को इस समस्या से निजात दिलाने 4 किमी लंबी सड़क को सीसी रोड़ बनाकर इसका स्थायी समाधान निकाला जाए। मैनपाट के रोपाखार में राजनीति द्वेषवश की जा रही बेदखली की कार्यवाही तत्काल रोकी जाए। हाथियों के कारण लोगों को होने वाले नुकसान से बचाने में प्रशासन असमर्थ रहा है जिसकी वजह से हाथियों द्वारा जन धन को काफी नुकसान पहुंचाया गया है। हाथियों से प्रभावितों को अभी तक मुआवजा राशि नही दिया गया है उन्हें उचित मुआवजा राशि प्रदान किया जाए। बिजली की बढ़ी हुई दरों से उपभोक्ता काफी त्रस्त है इसलिए प्रत्येक उपभोक्ताओं को चार सौ यूनिट बिजली मुफ्त में दी जाए। इइस दौरान विस प्रभारी डॉ. लालचंद यादव, विमलेश दत्त तिवारी, अध्यक्ष नगर पंचायत प्रेमदान कुजूर, अधिवक्ता राजेश गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष बतौली प्रदीप गुप्ता, संदीप गुप्ता, अरुण गुप्ता, मंटू गुप्ता, पंकज दुबे, अर्णव गुप्ता, नागेश्वर भगत, सुखदेव भगत, शिव गुप्ता, संतोष गुप्ता, अंकुर दास, शरद गुप्ता, मनोज टोप्पो, संतोष तिर्की, नरेश बघेल, टुम्पाराम प्रधान, मंदीप गुप्ता, अमित गुप्ता, नायब तहसीलदार तुषार माणिक समेत क्षेत्र से आये किसान एवं कांग्रेसी नेता मौजूद थे।

KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

ओम हॉस्पिटल
प्लॉस्टिक एवं कॉस्मेटिक विभाग
• जलने के बाद की प्लास्टिक सर्जरी (Contractures)
• दुर्घटना मे कटे अंग तंतु और खून की नसों को जोड़ना
• कास्मेटिक सर्जरी • स्तनों की सर्जरी (Implant)
• मोटापे का ईलाज (लाइपोसक्शन)
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज • गंजेपन का स्थायी इलाज
• चेहरे के फ्रैक्चर का ईलाज (Maxillofacial Surgery)
• मुँह के कैंसर की प्लास्टिक सर्जरी
• कान बनाना, नाक बनाना, (अविकसित एवं चोट ग्रस्त)
• Hypospadias, Vaginoplasty, गुप्त स्थानो की सर्जरी
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 12,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 20 फरवरी 2026 (8 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर), माउंट आबु/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि: स्लीपर 12,100/-, 3 एसी-20,500/-, 2 एसी 25,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411